# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
## जिला –कोरबा (छ.ग.)

क्रमांक / एन.एच.एम / एच.आर. / 2024 / 12088 कोरबा दिनांक 06-12-2024

## / / सूचना / /

**–: राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न रिक्त संविदा पदों हेतु विज्ञापन का प्रकाशन बाबत::–**

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कोरबा का सूचना पत्र क्रमांक / एन.एच. एम. / एच.आर. / 2024 / 12089 कोरबा दिनांक ....06/12/24......... द्वारा जारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न रिक्त संविदा पदों पर विज्ञापन प्रकाशित की जाती है।

उक्त विज्ञापन का विवरण कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, कोरबा के सूचना पटल पर देखा जा सकता है एवं जिला कोरबा के वेबसाइट www.korba.gov.in में उपलब्ध है जिसका अवलोकन किया जा सकता है।

संलग्न :–विज्ञापन।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला – कोरबा (छ.ग.)

# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
# जिला – कोरबा (छ.ग.)

क./मु.चि.अ./एन.एच.एम./एच.आर./2024 12089 कोरबा दिनांक 06-12-2024

## //विज्ञापन//

मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छ.ग. रायपुर के पत्र क्रमांक/एनएचएम/एच.आर./2024/1065/2048 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 04.11.2024 के परिपालन में आर.ओ.पी. 2024–25 में स्वीकृत रिक्त संविदा पदो की भर्ती हेतु पद क्रमांक 01 से 23 तक के लिये इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवारों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र दिनांक 23/12/2024 की संध्या 5:30 बजे तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कोरबा में आमंत्रित किया जाता है। निर्धारित तिथि व समय के पश्चात् प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जावेगा।

| SL. no | Programme | Post Name after Rationalization | Total Vacant Post | Category | | | | Salary | Qualification | Desirable |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | UR | OBC | SC | ST | | | |
| 1 | RBSK | MO - AYUSH | 4 Female | 0 | 1 | 0 | 3 | 25000/- | BAMS/ BHMS/ BUMS Degree Registration from any GOI Recognised (BAMS/BHMS/BUMS) Ayush, Homeo, Unani Registration of C.G. Board | |
| 2 | NHM | Physiotherapist | 3 | 0 | 0 | 0 | 3 | 18000/- | Bachelor's degree in Physiotherapy (B.P.T.) | |
| 3 | NUHM | Physiotherapist | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 18000/- | Bachelor's degree in Physiotherapy (B.P.T.) | |
| 4 | NHM | Data Assistant | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 18000/- | 1) BSc (CS/IT)<br>OR<br>2) BCA (55%)<br>OR<br>3) Graduate (minimum 55%) & 1 Year Computer Diploma PGDCA | |
| 5 | NTEP | Lab Supervisor | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 17500/- | 1. Graduate OR Diploma in Medical Laboratory Technology OR Equivelent from a Govt. Recognized institution<br>2. Permanent Two wheeler Driving Licence and Should be able to drive two wheeler<br>3. Certification Course in Computer operation (Minimum two Month ) | Minimum One Year Exeperience in NTEP |
| 6 | NHM | Nursing Officer | 7 | 1 | 3 | 0 | 3 | 16500/- | BSc. Nursing OR GNM Course Passed & Live Registrastion in Chhattisgarh Nursing Registrastion council | |

| SL. no | Programme | Post Name after Rationalization | Total Vacant Post | Category | | | | Salary | Qualification | Desirable |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | UR | OBC | SC | ST | | | |
| 7 | Trauma & Emergency | Nursing Officer | 3 | 1 | 0 | 1 | 1 | 16500/- | BSc. Nursing OR GNM Course Passed & Live Registrastion in Chhattisgarh Nursing Registrastion council | |
| 8 | NUHM | Nursing Officer – NUHM | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 16500/- | BSc. Nursing OR GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registrastion council | |
| 9 | NMHP | Nursing Officer – NMHP | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 16500/- | Passed in BSc. Nursing with Recognized Nursing Council of India and 2 year expirence in Mental Health Hospital. | |
| 10 | AAM/HWC | Community Health Officer | 2 | 0 | 0 | 0 | 2 | 16500/- | BSc. Nursing /Post Basic B.Sc Nursing Certificate in Community Health Integrated Course & Live Registrastion in Chhattisgarh Nursing Registrastion council | |
| 11 | RBSK | Pharmacists | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 16500/- | Degree or Diploma in Pharmacy (50%) & Registration in Pharmacy Registration council. | |
| 12 | NHM | Staff Nurse - NRC | 6 | 2 | 0 | 1 | 3 | 16000/- | BSc. Nursing OR GNM Course Passed & Live Registrastion in Chhattisgarh Nursing Registration council | |
| 13 | NHM | Radiographer | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 14000/- | 12th Passed + X-ray Technician Course with Registration in C.G.Paramedical Council. | |
| 14 | NHM | Laboratory Technicians | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 14000/- | DMLT or BMLT Course with Registration in C.G. Paramedical Council. | |
| 15 | NUHM | Ophthalmic Assistant – NUHM | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 12000/- | 2 Year diploma course in Optometry/Ophthalmic Assistant training in any govt. hospital According to NPCB. | DCA One Year Course |
| 16 | NRC | Nutrition Counsellor/Feeding Demonstrator – NRC | 2 | 0 | 0 | 1 | 1 | 12000/- | BSc. Home Science | |

| SL. no | Programme | Post Name after Rationalization | Total Vacant Post | Category | | | | Salary | Qualification | Desirable |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | UR | OBC | SC | ST | | | |
| 17 | NHM | Counsellor - NHM | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 12000/- | PG Degree/Diploma in Psychology / counselling/Health Education/Mass Communication/social science. | |
| 18 | RBSK | ANM | 2 | 0 | 1 | 0 | 1 | 12000/- | ANM Course Passed in Indian Nursing Board & Registration in CG Nurses Registration Council. | |
| 19 | NUHM | ANM | 2 | 0 | 1 | 0 | 1 | 12000/- | 12th passed, ANM Passed with INC Affilitaed Training Center & Live Registration in Chhattisgarh Nurses Registration Council | |
| 20 | NUHM | Dental Assistant | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 12000/- | Matriculation from Recognised Board | Experience 1. Two Year experience in a dental college clinic only govt. health facility experience should be considerded 2. preferance can be given to candidates done 1 year course of lab technician dental work related hygenist of dental technician from medical college. |
| 21 | NHM | Jr. Secretarial Assistant - PADA | 3 | 1 | 0 | 0 | 2 | 12000/- | 12th Passed with at least 1 Year Diploma in Computer Applications | |
| 22 | NUHM | Jr. Secretrial Assistant - LDC – UHWC | 18 | 6 (1 F) | 2 | 2 | 8 (2F ) | 12000/- | 12th Passed with at least 1 Year Diploma in Computer Applications | |
| 23 | ICU | Security Personnal | 4 | 1 | 1 | 0 | 2 | 10000/- | 1. 10th Passed with Recognised Education Bord.<br>2. Medical Fitness Certificate should be certified by District Medical Board<br>3. Height Should be Minimum 160 CM 5. Character Ceritificate should be certified by Sarpanch/Parsad | 1 Year Expirence in related field |
| | | Total | 69 | | | | | | | |

## आवेदन संबंधी दिशा निर्देशः–

1. आवेदन निर्धारित प्रारुप में पूर्णतः भरकर बंद लिफाफे में दिनांक 23/12/2024 तक पंजीकृत डाक (स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्ट्री) के माध्यम से ही स्वीकार किये जावेंगे। अंतिम तिथि उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा। किसी अन्य माध्यम से आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जावेगे।
2. आवेदक द्वारा विज्ञापित पदों में से एक से अधिक पद हेतु पृथक पृथक आवेदन निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करें, आवेदन करते समय लिफाफे के ऊपर **आवेदित पद का नाम (Name of Post) एवं कार्यक्रम का नाम (Name of Programme) जिनके लिए आवेदन किया जा रहा है एवं संवर्ग (Category)** स्पष्ट रुप से उल्लेख करें, अन्यथा आवेदन निरस्त माना जावेगा।
3. आवेदक, आवेदन पत्र **कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी शाखा–राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन रजगामार रोड कोसाबाड़ी चौक, जिला –कोरबा छ.ग. पिनकोड– 495677 छ.ग.** के नामें प्रेषित करें।
4. अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण भरे हुए आवेदन पत्रों को निरस्त करते हुए चयन प्रकिया में शामिल नहीं किया जावेगा।
5. अभ्यर्थी आवेदन पत्र में अपने स्वयं का वैध मोबाईल नंबर एवं ई–मेल व स्थानीय/वर्तमान पता भरें। जिससे उक्त भर्ती से संबंधित जानकारी हेतु संपर्क/पत्राचार किया जा सके।
6. अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से होना अनिवार्य है।
7. 01 जनवरी 2024 को आयु न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 64 वर्ष प्रबंधकीय पद हेतु तथा 70 वर्ष चिकित्सकीय पद हेतु होना चाहिए, आयु की गणना दिनांक 01 जनवरी 2024 की स्थिति में की जावेगी।
8. Security Personnel पद हेतु आयु 01 जनवरी 2024 की स्थिति में सीमा 21 से 40 वर्ष होगी तथा अ.जा. एवं अ.ज.जा. वर्ग के अभ्यार्थियों हेतु 5 वर्ष की छूट होगी।
9. Community Health Officer पद हेतु आयु 01 जनवरी 2024 की स्थिति में 21 वर्ष से कम तथा 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
10. छ.ग. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ/20–4/2014/आ.प्र./1–3 नया रायपुर दिनांक 27.09.2014 के अनुसार संगत दिव्यांगता/ निःशक्तता के कम से कम 40 प्रतिशत रूप से ग्रस्त व्यक्ति ही आरक्षण के लाभ हेतु पात्र होंगे। OL (एक पैर), OA (एक हाथ) दिव्यांग/ निःशक्तजन ही पात्र होंगे। जो व्यक्ति आरक्षण लाभ उठाना चाहतें हैं उन्हें जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी किया गया दिव्यांगता/निःशक्तता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

## चयन प्रकियाः–

11. पद ANM- NHM एवं ANM-RBSK हेतु शैक्षणिक योग्यता के 60 प्रतिशत अंक, अनुभव के अंक/मितानिन कार्य अनुभव के अंकों को जोड़कर वरीयता सूची बनायी जावेगी। (एन.एच.एम. में कार्यरत अभ्यार्थियों को प्रतिवर्ष 3 अंक के मान से अधिकतम 15 अंक एवं अन्य अभ्यार्थियों को प्रतिवर्ष 02 अंक के मान से अधिकतम 10 अंक, मितानिन कार्य अनुभव के प्रतिपूर्ण वर्ष 04 अंक के मान से अधिकतम 20 अंक प्रदाय किये जावेंगे।) 20 अंको के लिखित या कौशल या साक्षात्कार लिया जावेगा।
12. पद Radiographer, Laboratory Technician Ophthalmic Assistant हेतु 12वीं कक्षा के 30 प्रतिशत अंक एवं तकनीशियन संबंधित पाठ्यकम के 35 अंक एवं अनुभव के अंकों को जोड़कर वरीयता सूची तैयार की जावेगी। (एन.एच.एम. में कार्यरत अभ्यार्थियों को प्रति पूर्ण वर्ष 3 अंक के मान से अधिकतम 15 अंक एवं अन्य अभ्यार्थियों को प्रति पूर्ण वर्ष 02 अंक के मान से अधिकतम 10 अंक प्रदाय किये जावेंगे।) 20 अंको के लिखित या कौशल या साक्षात्कार लिया जावेगा।
13. शेष पदों हेतु शैक्षणिक योग्यता के 65 प्रतिशत अंक एवं अनुभव के अंको को जोड़कर वरीयता सूची बनायी जावेगी। (एन.एच.एम. में कार्यरत अभ्यार्थियों को प्रति पूर्ण वर्ष 3 अंक के मान से अधिकतम 15 अंक एवं अन्य अभ्यार्थियों को प्रति पूर्ण वर्ष 02 अंक के मान से अधिकतम 10 अंक प्रदाय किये जावेंगे।) 20 अंको के लिखित या कौशल या साक्षात्कार लिया जावेगा।

14. आयोजित लिखित या कौशल या साक्षात्कार में 30 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

## आवश्यक दस्तावेजः–

15. आवेदन करते समय निम्न अभिलेखों की छायाप्रति अनिवार्यतः संलग्न किये जावे :–
    01. 10वी की अंकसूची (जन्म तिथि के प्रमाण हेतु)
    02. निर्धारित न्यूनतम शैक्षिणिक योग्यता के **सभी वर्षो की अंक सूची/संबंधित डिग्री/इंटर्नशीप प्रमाण पत्र।**
    03. Community Health Officer पद हेतु मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्यूनिटी हेल्थ सम्मिलित बी.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम उत्तीर्ण एवं सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्युनिटी हेल्थ सम्मिलित पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम उत्तीर्ण अभ्यार्थियों की मेरिट सूची तैयार की जावेगी।
    04. **फिजियोथैरेपिस्ट एवं ऐसे पद जिनमें छ.ग. कॉन्सिल पंजीयन का जीवित प्रमाणपत्र मांगा गया है, प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।**
    05. सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदाय जाति प्रमाण पत्र (आरक्षित वर्ग हेतु)।
    06. सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदाय मूल निवास प्रमाण पत्र।
16. उपरोक्त दस्तावेज प्रस्तुत न करने एवं परीक्षण के दौरान अथवा नियुक्ति उपरांत भी किसी भी समय या किसी भी प्रकार से दस्तावेज के असत्य पाये जाने पर अभ्यर्थी की नियुक्ति अमान्य की जा सकेगी।
17. अनुभव प्रमाण पत्र केवल केन्द्र एवं राज्य सरकार के उपकम/शासकीय संस्था के पदों पर पद से संबंधित कार्य अनुभव हेतु प्रत्येक पूर्ण वर्ष के मान से 02 अंक अधिकतम 10 अंक प्रदाय किया जावेगा। (एन.एच.एम. में कार्यरत अभ्यार्थियों को प्रति पूर्ण वर्ष 3 अंक के मान से अधिकतम 15 अंक प्रदाय किया जावेगा।)
18. ए.एन.एम. पद पर प्रशिक्षित मितानिन एवं मितानिन प्रशिक्षक के रूप में मिशन संचालक रा.स्वा.मि. के पत्र क्रमांक/एन.एच.एम./2018/591/922 रायपुर, दिनांक 30.06.2018 के अनुसार कार्य अनुभव के प्रत्येक पूर्ण वर्ष हेतु 04 अंक के मान से अधिकतम 20 अंक प्रदाय किया जावेगा। मितानिन कार्य अनुभव प्रमाण पत्र राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र रायपुर छ.ग. का ही मान्य होगा।
19. **अनुभव प्रमाण पत्र के साथ नियुक्ति आदेश पत्र** संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा अनुभव के अंक प्रदाय नहीं किया जावेगा।
20. शासकीय/अर्धशासकीय संस्था में कार्यरत अभ्यार्थियों को नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र, आवेदन पत्र में सलंग्न करना अनिवार्य होगा।
21. ऐसे प्रमाण पत्र जिसमें अंकों की गणना ग्रेडिंग के आधार पर की गई है, उनके साथ गणनापत्रक संलग्न करना अनिवार्य है। गणनापत्रक संलग्न नहीं होने की स्थिति में अंको का निर्धारण चयन समिति द्वारा किए गए निर्णयानुसार अंक प्रदाय किया जावेगा, जो कि सर्वमान्य होगा। जिसके लिए कोई वाद दायर नहीं होगा।
22. अवर सचिव छ.ग. शासन स्वा.एवं परिवार कल्याण आदेश पत्र पृ.क्र. एफ1–67/2021/17/1 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 07.12.2021 के दिए गए आदेश के परिपालन में केवल कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान छ.ग. राज्य के शासकीय स्वा.संस्थाओं में नियुक्ति एवं 06 माह से लगातार सेवा देने वाले एस.डी.आर.एफ./डी.एम.एफ./सी.एस.आर. मद अंतर्गत कार्यरत अस्थायी स्वास्थ्य कर्मी का अनुभव (नियोक्ता द्वारा जारी प्रमाण पत्र) चयन समिति द्वारा लिए गए निर्णय मान्य किया जावेगा।ऐसे आवेदक जिनके पास **कोविड–19 में छः माह तक लगातार कार्य करने के अनुभव एवं अन्य कार्य के अनुभव (समान पद) के अंक रखते हैं, ऐसे अस्थायी स्वास्थ्य कर्मियों को विभाग के तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के पदों पर चयन हेतु 10 बोनस अंक का लाभ दिया जावेगा।** आवेदकों को कोविड कार्य के अनुभव अथवा अन्य अनुभव के अंक ,जो अधिकतम हो प्रदाय किया जावेगा।
23. Community Health Officer के रुप में कार्य करने के दौरान प्रतिमाह राशि रु. 16500/– (रु. सोलह हजार पांच सौ मात्र) वेतन एकमुश्त एवं साथ में कार्य –प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन राशि प्रतिमाह अधिकतम राशि रु. 15000/– (रु. पंदरह हजार मात्र) तक दी जायेगी। इस संबंध में मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा समय समय पर जारी दिशा निर्देश लागू होगे।
24. Community Health Officer पद हेतु आवेदकों को आवेदन पत्र के साथ format-1 प्रपत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

25. निम्नलिखित तालिका अनुसार अभ्यार्थियों हेतु दस्तावेज सत्यापन/परीक्षा/चयन तथा साक्षात्कार आहुत की जावेगी।

| सं.क. | कुल विज्ञापित पदों की संख्या | स्क्रीनिंग/साक्षात्कार लिये जाने हेतु अभ्यार्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 1 से 10 | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 10 गुना |
| 2 | 11 से 50 | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 05 गुना |
| 3 | 50 से अधिक | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 03 गुना |

26. दस्तावेज सत्यापन एवं परीक्षा हेतु पात्र अभ्यार्थियों को लिखित या कौशल परीक्षा के समय आवेदन के साथ संलग्न किए समस्त मूल दस्तावेज मांगे जाने पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। सत्यापन के समय किसी भी मूल दस्तावेज के अभाव में साक्षात्कार/लिखित/कौशल परीक्षा में बैठने की अनुमति व भर्ती प्रकिया की अग्रिम कार्यवाही में शामिल नहीं किया जावेगा।
27. अनुभव एवं अन्य प्रमाण पत्र के सत्यापन में असत्य पाये जाने पर संबंधित को भर्ती प्रकिया के किसी भी चरण में अथवा चयन से निरस्त किया जा सकता है। जिसके लिये किसी भी न्यायालय में वाद दायर नहीं किया जा सकेगा।
28. दावा आपत्ति हेतु निर्धारित समयावधि पश्चात् किये गये आपत्ति आवेदन अमान्य होगा तथा चयन समिति द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। जिसके विरूद्ध कोई अपील/शिकायत स्वीकार्य नही होगी।

# भर्ती के संबंध में सामान्य शर्ते एवं दिशा निर्देश:–

29. विज्ञापित समस्त पद पूर्णतः संविदा आधारित है। संविदा भर्ती हेतु अन्य शर्ते एवं नियम राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. द्वारा जारी मानव संसाधन नीति नियम 2018 एवं यथा संशोधित नियम अनुसार लागू होंगे।
30. मात्र आवेदन करने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नहीं होगा। अंतिम चयन सूची जारी करने के पूर्व मूल प्रमाण पत्रों कि जांच कि जावेगी, इसमें सही पाये जाने पर ही उनके चयन हेतु अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।
31. संविदा मानदेय :– संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एकमुश्त मानदेय देय होगा, इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार की भत्ता/सुविधा देय नहीं होगा।
32. उपरोक्त संविदा अवधि 31 मार्च 2025 तक के लिये होगी, कार्य मूल्यांकन संतोषजनक होने की स्थिति में उक्त अवधि में वृद्धि की जा सकती है।
33. उक्त संविदा पद अस्थानांतरणीय होगा तथा नियुक्ति आदेशानुसार पदस्थापना स्थल में उपस्थिति देना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय व पदस्थापना स्थल में अपनी उपस्थिति नहीं देने के स्थिति में चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति स्वतः निरस्त हो जायेगी।
34. संविदा पर नियुक्त कर्मचारी का Performance Appraisal नियंत्रण अधिकारी द्वारा किया जावेगा।
35. आवेदित पद पर चयनित होने मात्र से नियुक्ति का अधिकार प्राप्त नहीं होगा। अंतिम रूप से नियुक्त रिक्त पदों की वास्तविक उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक प्रकिया/मापदण्डों पर निर्भर करेगी।
36. उक्त पद के लिये प्रवर्गवार प्रतिक्षा सूची भी जारी की जावेगी प्रतीक्षा सूची हेतु कुल स्वीकृत पद के 25 पदों तक 200 प्रतिशत, 25 से 50 पदों हेतु 150 प्रतिशत एवं 50 से अधिक पदों हेतु 100 प्रतिशत अभ्यार्थियों को प्रतिक्षा सूची में रखा जावेगा।
37. अंतिम चयन सूची व प्रतिक्षा सूची की वैधता प्रकाशन तिथि से अगामी न्यूनतम एक वर्ष या अगली नवीन भर्ती के विज्ञापन जारी होने तक वैध रहेगी।
38. चयन प्रकिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि किसी भी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार से किसी प्रकार का दबाव डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष, चयन प्रकिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा। तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं किया जावेगा।
39. अभ्यार्थियों को आवेदन पत्र में निर्दिष्ट स्थान पर स्वयं का **नवीनतम पासपोर्ट** आकार का फोटो स्वयं के द्वारा सत्यापित कर चिपकाए।
40. अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा में उपस्थित होने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता/व्यय देय नहीं होगा।
41. दस्तावेज सत्यापन अथवा लिखित/कौशल परीक्षा या साक्षात्कार हेतु आवेदक का स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य होगा। प्राधिकृत आवेदक के किसी भी प्रकिया में अनुपस्थित रहने पर कार्य के प्रति रुचि नहीं मानते हुए उस आवेदक का भर्ती प्रकिया से बाहर किया जावेगा।

42. भर्ती की प्रकिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार जिला स्तरीय चयन समिति का होगा। जो सभी आवेदकों को मान्य होगा।

43. ऐसे अभ्यर्थी जिनकी सेवा अनुशासनहीनता/वित्तीय अनियमितता/अनुचित व्यवहार के कारण राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन या अन्य किसी भी शासकीय विभाग द्वारा समाप्त की गई है, चाहे वे किसी भी पद पर रहे हों उन्हें अपात्र उम्मीदवारों की संज्ञा में रखा जावेगा।

44. प्रशासकीय कारणों से अधिसूचित रिक्तियों में पदों की संख्या घटाई या बढ़ाई जा सकती है या निरस्त भी किया जा सकता है। जिसका अधिकार चयन समिति/नियोक्ता को होगा।

45. विज्ञापन की विस्तृत जानकारी, आवेदन पत्र का प्रारूप एवं चयन प्रकिया का परिणाम (स्कुटनी उपरांत दावा आपत्ति हेतु पात्र/अपात्र की सूची, सूचना एवं अन्य निर्देश) कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कोरबा के सूचना पटल एवं जिले के वेबसाईट www.korba.gov.in पर देखा जा सकता है। इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार से जानकारी नहीं दी जावेगी। समयानुसार इसके अवलोकन की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की स्वयं होगी। अन्य किसी भी माध्यम से पृथक से कोई सूचना नहीं दी जावेगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला – कोरबा (छ.ग.)